प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 08.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस व्यवस्था में तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया है। वे आज जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के माध्यम से अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को पुलिस के सूचना तंत्र को मजबूत बनाने को कहा। श्री शर्मा ने नशे की तस्करी को जड से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया।

.....

श्री शर्मा ने इस दौरान इ–विजिटर्स पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल पर राज्य के सभी होटलों में ठहरने वाले लोगों की जानकारी का डिजिटल संधारण किया जायेगा। उन्होंने ई–ज़ीरो एफआईआर पोर्टल को भी लॉन्च किया। इस पोर्टल पर लोग दस हजार से अधिक के साईबर फ्रॉड की एफआईआर, साईबर थानों में ऑनलाईन कर सकेंगे। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा सहित विभिन्न वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

0000

सेना दिवस के उपलक्ष्य में आज से जयपुर में सैन्य प्रदर्शनी लगाई जा रही है। भवानी निकेतन संस्थान में लगायी जा रही इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। इस प्रदर्शनी में भारतीय सेना की ऑपरेशनल और तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदुर में उपयोग किये गये अत्याधुनिक उपकरण भी लोगों के अवलोकन के लिए उपलब्ध होंगे। आमजन इस प्रदर्शनी को निशुल्क देख सकेंगे। वहीं आर्मी डे पर 15 जनवरी को होने वाली मुख्य परेड से पहले महल रोड़ पर इसका पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। मुख्य रिहर्सल 9, 11 और 13 जनवरी को होगी। परेड को देखने के लिए लोग ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज बांसवाडा के दौरे पर है। वे आज गोविंद गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इससे पहले उन्होंने कटियोर गांव में जनसुनवाई की और किसानों की समस्याओं को सुना। साथ ही किसानों को खेती में अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती के साथ–साथ पशुपालन को बढ़ावा देना जरूरी है, जिससे किसानों की आय में बढोतरी हो सके। इसके बाद उन्होंने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ भी संवाद किया।

0000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर दिन और रात के पारे में गिरावट होने से तेज सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त आकडो के अनुसार बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। 9 स्थानों पर रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। सबसे सर्द रात सीकर में दर्ज हुई, यहां तापमान 2 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में बीती रात तापमान 4 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच विभाग ने आज सीकर, झुंझुनूं, जयपुर सहित 10 जिलों के लिए शीतलहर, कोल्डडे और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले चार–पांच दिन प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। इस बीच घने कोहरे से कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ है। नागौर में एक सड़क हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। ये हादसा नेशनल हाईवे 58 पर सुरपालिया बाईपास पर उस समय हुआ जब ये कार घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से एक बस से टकरा गई।

00000

बीकानेर में कल से अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव की शुरूआत होगी। दो दिन के इस उत्सव का आगाज हेरिटेज वॉक से होगा। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि ये वॉक लक्ष्मीनाथ जी मंदिर से शुरू होकर रामपुरिया हवेली तक पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर को ''ट्रेडिशनल बीकानेरी फूड फेस्टिवल''

का आयोजन होगा। शाम को सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। उत्सव के दौरान मिस्टर बीकाणा और मिस मरवण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी।

0000